**जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता मे दिनाक 30.09.2024 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एव फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष 2024 तक पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. उपजिलाधिकारी तहसील ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद
4. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
8. जिला सूचना अधिकारी, मुरादाबाद।
9. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
10. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
11. श्री गोवर्धन जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
12. श्री अतुल गोयल, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0।
13. श्री शिवाकान्त शुक्ला, एम0आई0एस0, डी0पी0एम0यू0।

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

**जल जीवन मिशन फेस–2**

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल से समय से पूर्ण न होने वाली योजनाओं के विषय में चर्चा की गयी जैस चांदपुर, सुल्तानपुर, सरकड़ा परमपुर, खड़कपुर जगतपुर, मौहम्मदपुर बस्तौर, जैतपुर, रूस्तमपुर खास, बकेनिया चांदपुर, मल्हपुर जन्नू, भदगवा, अकबरपुर चैंदरी, कुकर झुण्डी, सिहाली मुस्तकम, हाथीपुर बाहुद्दीन, ढिरियादान, सैजनी एम0एस0टी0, सैंजनी हॉसपुरा, डिलरा रायपुर, भैंसिया लालपुर गगवारी, सिहाली लद्दा मथाना, रूस्तमनगर सहसपुर आदि योजनाओं में शिरोपरि जलाशय एवं पेयजल गृह संयोजन आदि के 50 प्रतिशत कार्य अधूरे पड़े है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता से मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा फेस–2 अन्तर्गत कराये गये कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी चाहीं गयी कि योजनाओं के कितने कार्य पूर्ण है एवं कितने कार्य शेष हैं।

   उक्त पेयजल योजनाओं की योजनावार जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा की गयी है।

   I- जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि विकास खण्ड डिलारी की चांदपुर सुल्तानपुर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण है शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये। जिसके क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि श्रमिक गैग शिफ्ट हो जाने के कारण शिरोपरि जलाशय के कार्य अवरूद्ध हो गये थे, वर्तमान में अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु श्रमिक गैंग की व्यवस्था कर ली गयी है, शीघ्र ही अवशेष कार्यो को पूर्ण करा लिया जायेगा।

   II- जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड ठाकुरद्वारा की सरकड़ा परमपुर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 50 प्रतिशत पूर्ण है योजना से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर योजना के शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराये। तत्क्रम में जूनियर इंजीनियर श्री संजीव कुमार द्वारा बताया गया है कि योजना की भूमि परिवर्तित होने के कारण योजना के कार्य विलम्ब से प्रारम्भ हुये है जिस कारण योजना की प्रगति धीमी है एवं वर्तमान में कार्य स्थल पर फर्म द्वारा श्रमिक गैग उपलब्ध न कराने के कारण कार्य बन्द है। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि श्रमिक गैग की व्यवस्था कर ली गयी है, शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ कर अग्रिम एक माह में कार्य पूर्ण करा लिये जायेगें।

III- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री मुकेश सैनी से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड मूढ़ापाण्डे की खडकपुर जगतपुर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण है एवं यह भी अवगत कराये कि योजना पर भूमि विवाद एवं श्रमिक गैग की समस्या तो नहीं है। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना पर भूमि से सम्बन्धित कोई विवाद नहीं है, परन्तु फर्म द्वारा श्रमिक गैंग उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण वर्तमान में कार्य बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्याधिक रोष व्यक्त करते हुये कहा गया कि आपके द्वारा श्रमिक गैग का प्रबन्धन उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा है, इस पर अत्याधिक ध्यान देने आवश्यकता है।

IV- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री मुकेश सैनी से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड कुन्दरकी की मौहम्मदपुर बस्तौर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण है तथा योजना के शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत करायें। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि शिरोपरि जलाशय के उपर से विद्युत विभाग की हाई टेंशन लाइन गुजर रही है, जिस कारण शिरोपरि जलाशय के कार्य लगभग 1 वर्ष से पूर्ण रूप से बन्द है। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे द्वारा विद्युत विभाग को विद्युत लाईन शिफ्टिंग हेतु पूर्ण धनराशि जमा करा दी गयी है। तदोपरान्त भी विद्युत विभाग द्वारा लाईन शिफ्ट नहीं की जा रही है, विद्युत विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के अन्दर हाई टेन्शन लाईन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

V- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री मुकेश सैनी से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड मूढ़ापाण्डे की रनियाठेर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण है, शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के जलकल परिसर में बरसात का पानी भरा हुआ है, जिस कारण योजना के कार्य पूर्ण रूप से बाधित है, जलकल परिसर एवं पहुँच मार्ग में मिट्टी भराव के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ किया जाना सम्भव हो पायेगा। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने हेतु आश्वासन दिया गया है।

VI- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री राजीव कुमार से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड डिलारी की फरीदपुर बहेड़ी, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना दर्शाया गया है। शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत करायें। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में शिरोपरि जलाशय का डिजाइन परिवर्तित होने एवं पाईल फाउण्डेशन होने के कारण शिरोपरि जलाशय के कार्य विलम्ब से प्रारम्भ हुये है, वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

VII- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री दुष्यंत कुमार से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड बिलारी की बकैनिया चांदपुर, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना दर्शाया गया है। शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत करायें। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में शिरोपरि जलाशय के डिजाइन परिवर्तित होने एवं पाईल फाउण्डेशन होने के कारण शिरोपरि जलाशय के कार्य विलम्ब से प्रारम्भ हुये है, वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

VIII- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री कुणाल कुमार एवं फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड भगतपुर टांडा की भटगवां, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। शेष कार्य अपूर्ण क्यो है। योजना के कार्यो के अनुसार कितने श्रमिक उपलब्ध एवं एक गैंग में कितने श्रमिक होते है। जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य स्थल पर श्रमिकों का अभाव होने के कारण कार्य पूर्ण रूप से बन्द है तथा प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि एक गैंग में 10–12 श्रमिक होते है, वर्तमान में शिरोपरि जलाशयों के निर्माण कार्यो हेतु फर्म के पास 56 गैंग है, लगभग 560 श्रमिक है। फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा 1 सप्ताह के अन्दर 25 श्रमिक गैंग और बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया है।

IX- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत आपको आवंटित समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने हेतु आपका निर्धारित लक्ष्य क्या है। जिसके सम्बन्ध में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि माह दिसम्बर 2024 के अन्त तक समस्त पेयजल योजनाओं को कार्य पूर्ण करा लिया जायेंगा।

X- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि अकबरपुर चैदरी, कुकरझुण्डी, सिहाली मुस्तकम के अधिकतर कार्य शेष है, जिन पर अत्याधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यक्ता है तथा श्रमिक गैग बढ़ाते हुये योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

XI- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री दुष्यंत कुमार से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड बिलारी की हाथीपुर बहाउद्दीन, पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय का केवल 25 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण होना दर्शाया गया है। शेष कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत करायें। जिसके क्रम में जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा शिरोपरि जलाशय का कार्य वर्तमान तक भी प्रारम्भ नहीं किया गया है, फर्म द्वारा भ्रामक सूचना दी जा रही है। लगभग 1 वर्ष से योजना से सम्बन्धित समस्त कार्य बन्द है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष प्रकट करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को योजना से सम्बन्धित समस्त शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

XII- जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री कुणाल कुमार से जानकारी चांही गयी कि विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा की ठिरियादान, पेयजल योजना में पम्प हाउस बाउण्ड्री वॉल के कार्य प्रारम्भ नहीं होने के क्या कारण है। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्षा ऋतु में आसपास के क्षेत्र का पानी जलकल प्रांगण में भर जाता है, पानी के तेज बहाव के कारण उच्च जलाशय के नीचे की मिट्टी का कटान हो गया है, मिट्टी कटान के दृष्टिगत एवं बाउण्ड्री वॉल एवं पम्प हाउस का डिजाईन परिवर्तित करने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया गया है। जलकल परिसर के समीप अस्थाई नाली निर्माण कर पानी के बहाव को परिवर्तित किया गया है। वर्षा ऋतु समाप्त होने के उपरान्त पम्प हाउस एवं बाउण्ड्री वॉल का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

XIII- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से जानकारी चांही गयी कि क्या विकास खण्ड डिलारी की सैंजनी मुस्तकम एवं सैंजनी हॉसपुरा एक ही ग्राम पंचायत है, यदि हों तो इसके दो प्रोजेक्ट क्यो बनाये गये है। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में निर्गत शासनादेश के अनुसार प्रत्येक राजस्व ग्राम की ग्रामवार पेयजल योजना बनायी गयी हैं। जिस कारण दोनो राजस्व ग्रामों की अलग–अलग योजना विरचित कर शासन को प्रेषित की गयी थी, जो एस0एल0एस0एस0सी0 से स्वीकृत है, स्वीकृति उपरान्त ही योजना से सम्बन्धित सभी निर्माण कार्य कराये गये है।

XIV- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से जानकारी चांही गयी कि भैंसिया, लालपुर गंगवारी, सिहाली लद्दा आदि के उच्च जलाशयों की प्रगति मासिक प्रगति रिपोर्ट में शून्य दर्शायी गयी है, जबकि समस्त पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। उक्त क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि भैंसिया, लालपुर गंगवारी, सिहाली लद्दा आदि पेयजल योजनायें जल निगम द्वारा बनायी गयी है एवं पुनर्गठन के अन्तर्गत चयनित है, तथा योजनाओं में उच्च जलाशय पूर्व से निर्मित है, जिस कारण उक्त योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट में उच्च जलाशय शून्य दर्शाया गया है, योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

XV- जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता से जानकारी चाही गयी कि ऐसे कितने राजस्व ग्राम है जिनमें शतप्रतिशत पेयजल गृह संयोजन हो गये है, परन्तु हर घर जल सर्टीफिकेशन नहीं हो पाये है तथा प्रगति रिपोर्ट में नियमित जलापूर्ति में शून्य क्यों अंकित है, अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ ग्राम प्रधानो का कहना है कि हमारे ग्राम में शिरोपरि जलाशय एवं सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त ही हर घर जल प्रमाण पत्र दिया जायेगा। नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में

जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित योजनाओं का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है अथवा नहीं है। यह भी निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है, उनमे पम्प हाउस पर पेयजल आपूर्ति का निर्धारित समय सुबह–शाम 5 से 7 बजे तक (दो घण्टे) अंकित करना सुनिश्चित करें तथा स्थानीय निवासियों से इसकी पुष्टि भी कर लें।

XVI- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत विद्युत आधारित कितनी योजनायें स्वीकृत है एवं विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान तक आपको कितने प्राक्कलन उपलब्ध करा दिये गये है तथा कितने पर आपके द्वारा धनराशि जमा करा दी गयी है, कितने विद्युत संयोजन हो गये है तथा कितने शेष है। जिसके सम्बन्ध में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 59 योजनायें विद्युत आधारित है। जिनके विद्युत संयोजन हेतु विद्युत विभाग में धनराशि जमा करा दी गयी है, जिसके सापेक्ष 48 नग पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन करा दिये गये है, 11 नग योजनाओं में विद्युत सयोजन किये जाने शेष है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि यह योजना अति महत्वांकांक्षी है जिसको ससमय पूर्ण किया जाना शासन की प्राथमिकता हैं। अतः उक्त शेष 11 नग योजनाओं की सूची जल निगम से प्राप्त कर, अग्रिम दो दिवस में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये तथा शीघ्रातिशीघ्र विद्युत संयोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

## जल जीवन मिशन फेस–3

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से ग्राम बिचौला डूकी, चांदपुर गनेश, नमेनी गद्दी, की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाहीं गयी कि क्या उक्त योजनाओं पर लेबर से सम्बन्धित कोई समस्या है। बैठक में उपस्थित सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री विकास निगम (एस0डब्ल्यू0एस0एम0) द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त योजनाओं पर वर्तमान में कार्य बन्द है। उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे द्वारा फर्म को कार्यो की प्रगति बढ़ाने हेतु अनेक पत्र लिखे जा चुके है तदोपरान्त भी फर्म द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जूनियर इंजीनियरों को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में फर्म द्वारा कार्य नहीं कराये जा रहे है एवं श्रमिक गैंग की अनउपलब्धता है। उसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता को अवगत कराये।

I- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि आपके पास वितरण प्रणाली बिछाने हेतु कितने श्रमिक गैंग उपलब्ध है। श्रमिकों की संख्या बढ़ाने हेतु जूनियर इंजीनियर द्वारा आपको निर्देशित किया गया है अथवा नहीं। उक्त के क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में हमारे पास वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 40 श्रमिक गैंग उपलब्ध है एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियरों द्वारा समय–समय पर श्रमिक गैग बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसका अनुपालन करते हुये श्रमिक गैंग बढ़ाई गयी है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कुछ ग्रामो में स्थानीय निवासियों द्वारा योजनाओं के निर्माण कार्यो में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यह भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें बाधा उत्पन्न करने वाले के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की जायेगी।

II- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चांही गयी कि वर्तमान में योजना से सम्बन्धित किसी ग्राम में भूमि विवाद तो नहीं है, जिसके क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि विवाद की अद्यतन स्थिति निम्न तालिकानुसार है।

| क्र0 सं0 | तहसील | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरद्वारा | डिलारी | गक्खरपुर |
| 2 | ठाकुरद्वारा | डिलारी | अकबरपुर |
| 3 | ठाकुरद्वारा | डिलारी | कांकरखेड़ा |
| 4 | ठाकुरद्वारा | डिलारी | काजीपुरा |
| 5 | बिलारी | डींगरपुर | लुद्दपुरा |
| 6 | मुरादाबाद सदर | भगतपुर टाण्डा | लखनपुर लाडपुर |
| 7 | मुरादाबाद सदर | मूढ़ापाण्डे | मूढ़ापाण्डे |

III- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 के अन्तर्गत शिरोपरि जलाशय की अत्यन्त धीमी प्रगति पर अत्याधिक रोष व्यक्त करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य स्थलों पर तत्काल गैंग/श्रमिक एवं सामग्री उपलब्ध कराते हुये कार्यो की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जानकारी चाही गयी कि योजना में पाईप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को की अद्यतन स्थिति क्या है। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी लगभग 70 प्रतिशत सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण है। फर्मो द्वारा कुछ योजनाओं में सड़को को मोटरेबल किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, द्वारा टी0पी0आई0 के डीपीएम श्री अतुल गोयल से जानकारी चांही गयी कि जनपद में फर्मो द्वारा कराये जा रहे सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो की गुणवत्ता कैसी है एवं निर्देशित किया गया कि नयी ईटें एंव टाइल्स लगाकर सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य करायें जाये। उक्त के सम्बन्ध में टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री अतुल गोयल द्वारा अवगत कराया गया कि फर्मो द्वारा सड़क पुर्नस्थापना के कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराये जा रहे है कुछ स्थलों पर कमियाँ है जिसको फर्मो द्वारा सही कराया जा रहा है।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत कार्यदायी संस्था के कार्यो में गति न होने पर अत्याधिक रोष व्यक्त किया गया, साथ ही फेस–2 के अर्न्तगत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अपने कार्यो में गति लाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में चल रहे निर्माण कार्यो को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्वक कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें एवं जिन योजनाओं के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है उनका शीघ्रातिशीघ्र "हर घर जल" प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0 1636 बैठक / 13 दिनांक :– 16/10/24

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद
6. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद
8. मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, ए–129, फेस–1 अशियाना, डा0 रूबी चुग हॉस्पिटल के पास, मुरादाबाद।
9. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
10. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।